पंजाब केसरी 03/10/2025

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के कोडिंग क्लब टेक नोवा ने आयोजित किया टेक क्विज शो

अम्बाला, 2 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के कोडिंग क्लब टेक नोवा ने बी.सी.ए. एवं एम.सी.ए. के विद्यार्थियों के लिए एक रोमांचक व ज्ञानवर्धक टेक क्विज शो का आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान, प्रोग्रामिंग कौशल और तार्किक क्षमता के प्रदर्शन का सुनहरा अवसर प्रदान किया। प्रतियोगिता में ब्रिंदरजीत सिंह, आदर्श, कमलजीत को प्रथम स्थान, मनु, लक्ष गर्ग, दिव्यांश को द्वितीय स्थान, कनिका, गुरमीत, धीरज को तृतीय स्थान मिला। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों के प्रोग्रामिंग ज्ञानए तार्किक सोचए समस्या समाधान की क्षमता और तकनीकी जागरूकता की परख करना था। इसके साथ ही टीम वर्क, आत्मविश्वास, त्वरित निर्णय क्षमता और सहयोगात्मक सीखने को बढ़ावा देना भी इस आयोजन की प्रमुख विशेषताएं रहीं। छात्रों ने 3-3 की टीम बनाकर प्रतियोगिता में भाग लिया और रैपिड फायर, कोडिंग चैलेंज और टैक्निकल ब्रेनस्टॉर्मिंग जैसे कई कठिन चरणों में अपनी बुद्धिमत्ता, सटीकता और गति का प्रदर्शन किया।



*गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के कोडिंग क्लब टेक नोवा द्वारा आयोजित 'टेक क्विज शो' में भाग लेते विद्यार्थी।* (चंद्रमोहन)

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि आज के डिजिटल युग में तकनीकी ज्ञान और तार्किक सोच विद्यार्थियों की सबसे बड़ी पूंजी है। टेक नोवा का यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक सीखने का अनूठा अवसर है, जिसने छात्रों को अपने ज्ञान का परीक्षण करने और नए आयाम खोजने का मौका दिया है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।